## सार-समाचार

### पर्युषण पर्व की धूम जारी

**डूंगरपुर**, (निसं)। श्री जैन श्वेताम्बर वीशा पोरवाड संघ के तत्वावधान में ओटा स्थित नेमिनाथ मंदिर में चार्तुमास हेतु विराजित मुनिश्री ने पर्युषण पर्व के तीसरे दिन पूज्य पवित्र रत्न सागर जी ने पौषध व्रत की महिमा बताते हुए कहां कि जो शरीर को पुष्ट करे उसे औषध कहते हैं और जो आत्मा को पुष्ट करें उसे पौषध कहते हैं। उन्होंने कहा कि पैसा जीवन में सबकुछ नहीं है, लेकिन उसकी भी अपनी महत्ता है। जीवन के अन्तिम पडाव में जाने के बाद अगले जन्म में पैसे साथ नहीं ले जा सकते फिर भी मनुष्य पैसे के प्रति इतना वंशीभूत हो गया है कि वह न तो अपना ना पराया देखता है और इसके लिए वह किसी भी हद तक जा सकता है। मजे की बात तो यह है कि वर्तमान परिपेक्ष्य में जो पैसा इंसान को ऊपर लाता है, उस पैसे को इंसान ऊपर नही ले जा सकता। पर्युषण पर्व के दौरान श्रावक को संसार की मोह माया को छोडकर धर्म आराधना करनी चाहिए। व्यापार के सीजन में आप धर्म को गौण कर सकते हो तो धर्म के सीजन में आप व्यापार को गौण क्यो नही करते। पूज्य श्री ने कहां कि कामी व्यक्ति को न भय होती हैं न लज्जा होती हैं। कामी व्यक्ति वहेमी स्वभाव का होता हैं और वह जीवन में सच्चे सुख की अनुभूति तो करता है, लेकिन वह हमेशा कुप्रात्र बना रहता है। उन्होंने कहा कि जीवन को सादगी मय और सदाचार से युक्त बनायेगे तभी मनुष्य जीवन की सार्थकता पूर्ण होगी अन्यथा पशु भी संसार में आता है और बिना किसी उदेश्य के चला जाता है वही गति मनुष्य की भी होगी। पयुर्षण पर्व के तीसरे दिन शहर के माणक चौक स्थित आदिनाथ मंदिर, घाटी स्थित पार्श्वनाथ मंदिर, महावीर स्वामी मंदिर, फौज का बडला स्थित शांतिनाथ मंदिर, ओटा स्थित नेमिनाथ मंदिर तथा जैन सोसायटी स्थित संभवनाथ जिनालय में प्रातः प्रक्षाल, केसरपूजा, फूलपूजा के कार्यक्रमों के साथ साथ चेत्यवंदन के कार्यक्रम हुए।

### शिविर में 89 रोगियों की जांच

**भीम**, (निसं)। निकटवर्ती नंदावट गांव में तपाचार्या जैन साध्वी जयमाला जीजी महाराज आदि ठाणा-6 की प्रेरणा से संचालित जय आनन्द जनपरमार्थ संस्थान में जिला अंधता निवारण समिति राजसमंद व पाली के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नैत्र जांच शिविर भामाशाह हजारीसिंह लक्ष्मणसिंह तेजसिंह राजुसिंह देवेन्दसिंह पूनीदेवी गीतादेवी बसंतादेवी ललितादेवी सुजावत निवासी पोकरिया कोट भीम की ओर से आयोजित किया गया। दुर दराज के गांवों से आए 89 नैत्र रोगियों ने अपनी आंखों की जांच कराकर नैत्र रोग विशेषज्ञ से आवश्यक परामर्श एवं औषधी प्राप्त की। इनमें से 21 नैत्र रोगियों का मोतियाबिन्द के ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया जिन्हें संस्थान की बस व्यवस्था से पाली पहुंचाया गया। शिविर में भामाशाह सुजावत परिवार के साथ-साथ पाली सेवा मण्डल की पूरी टीम संजय सोनगरा, व्यवस्थापक किशन मेवाड़ा, रणजीतसिंह, राजु गुर्जर, चिमनसिंह, प्रभुसिंह आदि ने सेवाएं प्रदान की।

### ग्रामीणों ने शराब ठेके को कराया खाली

**भीम**, (निसं)। भीम उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत डूंगा जी गांव में एक सप्ताह पूर्व शराब के चलते एक महिला की पेट में चाकू डालने से मृत्यु होने के बाद ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन को गांव से शराब के ठेके हटाने के लिए मांग की थी लेकिन प्रशासन द्वारा शराब का ठेका नहीं हटाया गया जिसके चलते ग्राम पंचायत के डाशरिया गांव में एक लाइसेंस एवं एक अवैध शराब की दुकान को ग्रामीण महिलाओं ने शराब के सेल्समैन को कहा कि हमेशा हमेशा के लिए यह शराब की दुकान बंद करें जिस पर ग्रामीण महिलाओं ने शराब की दुकान को गिराव कर लिया जिस पर जी ग्राम पंचायत,डूंगा जी गांव सरपंच कंचन कंवर राठौड़ सरपंच प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह को आदि ग्रामीण महिलाओं ने शराब के ठेके को बंद करने के लिए कहा गया जिस पर दोनों जनप्रतिनिधि शराब की दुकान पर गए हमेशा समस्या के लिए दुकान बंद करने के लिए विरोध किया जिस पर पुलिस मौका पर पहुंची और शराब की दुकान को बंद कराया गया।

### पूर्व विधायक ने की सांवलिया पदयात्रा

**मंडफिया**, (निसं)। किसानों की खुशहाली व क्षेत्र में अच्छी बारिश की कामना को लेकर पूर्व विधायक एवं चित्तौडगढ भूमि विकास बैंक अध्यक्ष बद्रीलाल जाट ने सिंहपुर से मंडफिया (सांवलिया जी) तक पदयात्रा की। पदयात्रा के उपलक्ष्य में आयोजित महाप्रसादी व विशाल भजनसंध्या कार्यक्रम में राजस्थान सरकार जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, सहकारिता मंत्री गौतम दक, भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सीआर चौधरी, पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी, चित्तौड़गढ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, बेगू विधायक सुरेश धाकड, भाजपा जिलाध्यक्ष मिठू लाल जाट, कपासन प्रधान भेरूलाल चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधि व संतों ने शिरकत की। कार्यक्रम में पधारे संतगणो व अतिथियों का पूर्व विधायक जाट ने स्वागत एवं सम्मान किया। अतिथियों के द्वारा भगवान श्री सांवलिया सेठ को भोग धराया गया। यह पैदल यात्रा गांव छापरी, जितिया, रेवलिया, सुरपुर, भादसोड़ा होते मंडफिया सांवलिया जी मंदिर पहुंची। जगह-जगह पर कार्यकर्ताओ के द्वारा स्वागत किया गया।

### शोभायात्रा निकाली

**मंडफिया**, (निसं)। बाबा रामदेव जी महाराज के जन्मोत्सव भादवी बीज के उपलक्ष में समस्त मेघवाल समाज द्वारा सोमवार अमावस्या को सुबह 9 बजे बाबा रामदेव मंदिर समेलिया महादेव ( संगेसरा) से संत शिरोमणि सोराम जी महाराज पीपलवास की समाधि स्थल तक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें समाज के समस्त संतो ने पंचो ने एवं भाई बहनों ने सैकडो की संख्या में शामिल हुए और शोभा यात्रा को सफल बनाया। शोभायात्रा समेलियां महादेव से नपानिया, घोड़ा खेड़ा गातोड़ जी बावजी, सांवलिया जी, आवरी माता, भीम नगर (मेघवालों का खेड़ा), धनेत, नरबदिया दवारिकाधीश मंदिर व बानसेन होते हुए शोभायात्रा सोराम जी के समाधि स्थल पिपलवास पहुंच कर सम्माप्त हुई।

# चेन स्नेचिंग गिरोह का पर्दाफाश, तीन महिलाएं सहित चार गिरफ्तार

**राजसमन्द**, (निसं)। जिले में एसपी मनीष त्रिपाठी द्वारा सम्पति संबंधित अपराधों में अपराधियों की धरपकड के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एएसपी महेन्द्र पारिक एवं डीएसपी विवेकसिंह के नेतृत्व में गठित कांकरोली थाना टीम ने रक्षाबंधन के दिन कांकरोली बस स्टैण्ड पर हुई चैन स्नैचिंग के मामले में शातिर चैन स्नैचिंग गिरोह की तीन महिलाओं व एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी हनवंतसिंह सोढा ने बताया कि 18 अगस्त को प्रार्थी भंवरदास (66) पुत्र गणेशदास वैष्णव

- गिरोह के सदस्यों के खिलाफ पाली सहित कई शहरों में प्रकरण दर्ज

निवासी चारभुजा ने थाना में रिपोर्ट पेश की कि मैं अपनी धर्म पत्नी लीलादेवी के साथ कांकरोली बस स्टैण्ड से भीलवाडा के लिए निकल रहा था। उदयपुर से बारां डीपो में बस में चढ रहे थे, तब भीड में मैंने जब लीलादेवी के गले में देखा तो चैन नहीं थी। जो चैन कांकरोली बस स्टैण्ड पर अज्ञात व्यक्ति तोड कर ले गए। उसी दिन बस स्टैण्ड पर और भी औरतों पुष्पादेवी वैष्णव पत्नी कैलाश वैष्णव निवासी अमलोई के आभूषण नेकलेस एवं सुमित्रा पत्नी रामेश्वरलाल राव निवासी वणाई की डेढ तोला सोने की चेन जिसमें गणेशजी का लॉकेट भी तोडने की वारदात को अंजाम दिया गया। हम लोगों ने मिलकर वहां तलाश की मगर अज्ञात चोरों का कोई पता नहीं चला। रिपोर्ट पर कांकरोली थाना पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर अज्ञात बदमाशों की तलाश प्रारंभ की गई। इस दौरान पेतरसी थाना कोतवाली पाली जिला पाली के प्रकरण में गिरफ्तारशुदा आरोपी श्याम पुत्र राजेन्द्र, कश्मीरा पत्नी अमरसिंह, अनारकली पत्नी कपिल, ज्योति पुत्री अमरसिंह ने प्रकरण हाजा की घटना कांकरोली बस स्टेण्ड से करना बताया। चारों आरोपी श्याम पुत्र राजेन्द्र निवासी मेरठ उत्तरप्रदेश जो जिला कारागृह पाली में निरूद्व होना व कश्मीरा निवासी हाथीखेडा अजमेर हाल मलयाना फाटक मेरठ, अनारकली पत्नी कपिल निवासी मलयाना फाटक मेरठ उत्तरप्रदेश, ज्योति पुत्री अमरसिंह निवासी अजमेर हाल मलयाना फाटक मेरठ उत्तरप्रदेश को महिला बंदी सुधारगृह जोधपुर में न्यायिक अभिरक्षा में होना पाया गया। जिस पर चारों अपराधियों को जरिए प्रोडक्शन वांरट प्राप्त कर अनुसंधान किया गया। अनुसंधान के दौरान आरोपियों के कब्जे से प्रकरण हाजा का मसरूका सोने की चैने व नेकलेस बरामद किया गया। इस गिरोह के सदस्य शातिर बदमाश होकर त्योहारों, मेलों अथवा भीड वाले अलग-अलग शहरों पर वाहन की सहायता से पहुंचते हैं व सभी सदस्य अलग-अलग होकर बिखर जाते हैं तथा सोने के गहने पहनी हुई महिलाओं की चैन, नेकलेस आदि आभूषणों को भीड का फायदा उठाकर तोडकर चुरा लेते है। फिर वाहन में बैठकर वापस मेरठ चले जाते हैं। इस गिरोह के सदस्यों के विरूद्व पाली सहित कही शहरों में प्रकरण दर्ज हैं।



कांकरोली थाना पुलिस ने गिरफ्त में शातिर चेन स्नैचिंग गिरोह के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# बाइक का आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर**, (निसं)। कोतवाली थानान्तर्गत 3 मई को पुराना बस स्टेण्ड मार्ग पर सेफी कॉम्प्लेक्स के बाहर खडी मोटरसाइकिल को चुरा कर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ सागवाडा, डूंगरपुर, झलारा, तथा सलुम्बर थाना क्षेत्रो में चोरी करने के मामले मे दर्ज है। पुलिस सूत्रो के अनुसार भानुप्रताप निवासी पाटडी ग्राम पंचायत कांकरादरा ने प्राथमिकी दर्ज करवाई थी कि सेफी कॉप्लेक्स में स्थित अशोक सर्जिकल में नौकरी करता है। रोजाना की भांति 3 मई को भी दूकान पर आकर अपनी मोटरसाइकिल खडी कर काम पर गया। कुछ समय बाद आकर देखा तो बाइक गायब थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पुलिस की मदद से घटना का खुलासा दलीचंद सुथार निवासी वडावली पुलिस थाना सैमारी जिला सलुम्बर को गिरफ्तार किया।

### आरोपी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा**, (निसं)। पुलिस ने नाबालिक का अपहरण कर से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जाता है कि 27 अगस्त को एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी कि 5 अगस्त को उसकी पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है जो वापस नहीं लौटी है। पुलिस ने मामला दर्ज किया।

# मंदिर व दुकान से सामान चोरी

**राजसमन्द**, (निसं)। इन दिनों से शहर सहित गांव-ढाणियों में चोर गैंग सक्रिय होने से चोरी की वारदातें बढ गई है। रविवार रात्रि को राजनगर थाना क्षेत्र के कडेचों का गुडा में एक मंदिर में चोरी कर चांदी के चतर सहित नकदी चोरी हो गई। वहीं शहर के 50 फीट रोड पर एक इलेक्ट्रिक दुकान से लाखों रुपए की चोरी हो गई। राजनगर थाना क्षेत्र के कडेचों का गुडा गांव में रविवार रात्रि को करीब 12:30 बजे तीन नकाबपोश बदमाशों ने मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

गांव के शंकरसिंह ने बताया कि रविवार रात्रि को तीन बदमाश मंदिर पर पहुंचे जहां पर मंदिर का ताला तोड दिया। इसके बाद दो नकाबपेश बदमाश मंदिर के अंदर घुसे। जहां से तीन चांदी के चतर, चार हजार रुपए नकदी, एक तोला चांदी की कंठी एवं तीन तलवारें चुरा ली। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे गांव के नरपतसिंह के मोबाइल में कनेक्ट थे। नरपतसिंह ने रात को करीब साढे बारह बजे सीसीटीवी कैमरे देखे तो मंदिर में दो नकाबपोश बदमाश चोरी करते दिखे। इसके बाद नरपतसिंह ने फोन पर ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों ने मंदिर से जाने वाले तीनों रास्तों को बंद कर दिया। लेकिन ग्रामीणों की जाग होने का पता बदमाशों को लगने पर वे मौके से फरार हो गए। इसी प्रकार कांकरोली शहर के 50 फीट रोड पर तिरूपति एंटरप्राइजेज की दुकान में रात्रि को अज्ञात बदमाशों ने दुकान के पीछे से लोहे के पतरे तोड कर दुकान से लाखों रुपए का इलेक्ट्रिक सामान चोरी कर लिया। सुबह दुकान मालिक दुकान पर पहुंचा तो दुकान में सामान बिखरा देख उसके होश उड गए। चोरी की वारदात का पता चलने पर कांकरोली थाने में सूचना दी।



दुकान के अंदर बिखरा पड़ा सामान।

## सार-समाचार

### शनि महाराज अली का खोला भंडार



**कपासन**, (निसं)। शनिधाम श्री शनि महाराज आली में मासिक भंडार से 28 लाख 44 हजार 285 रुपए की भेंट राशि प्राप्त हुई है। रविवार रात एक बजे तक नोटों की गिनती जारी रही, जबकि सिक्कों की गिनती अभी बाकी है। तीर्थ स्थल पर हर महीने अमावस्या से पहले चतुर्दशी के दिन भंडार खोला जाता है।तीर्थ स्थल प्रबंध कार्यकारिणी कमेटी के सचिव कालू सिंह ने बताया कि रविवार सुबह श्री शनि देव की आरती के बाद भंडार खोला गया। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्रपाल सिंह, मंत्री छगन लाल गुर्जर, कोषाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। भंडार में मुख्य मंदिर, नवठाह मंदिर, तेल कुंड आदि से भेंट राशि निकाली गई। मंदिर परिसर में ही भेंट राशि की गिनती शुरू की गई। नोटो की गिनती पूरी होने पर 28 लाख 44 हजार 285 रुपये की राशि निकली, जबकि सिक्कों की गिनती अभी बाकी है। इस अवसर पर कमेटी के सदस्य रामेश्वर लाल सुथार, गोपाल सुथार, भैरू लाल जाट, रतन लाल गाडरी, रुपलाल गाडरी, कालू कीर, देवी सिंह चारण, गोर्धन सिंह, रामचंद्र कीर, भैरूलाल लोधा, कालूराम कुम्हार, टोलुलाल वैष्णव, सत्य नारायण जाट समेत कर्मचारी, आस-पास के ठाामीण, युवा और श्रद्धालुओं ने गिनती में सहयोग किया।

### कार्यकारिणी गठित

**बांसवाड़ा**, (निसं)। पुलक मंच परिवार के सदस्यों ने ऋषभदेव में पुलक सागर महाराज के दर्शन करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया। महाराज ने बांसवाड़ा मंच द्वारा किए गए सेवा कार्यों की सराहना की और सदस्यों को आशीर्वाद दिया। नई कार्यकारिणी में संरक्षकों और पदाधिकारियों के नामों की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद फादोद के सानिध्य में की गई। संरक्षक मण्डल में सुरेश सिंघवी, अशोक वोरा, महावीर बोहरा, राजेंद्र सेठ, कमल सारगिया, मांगीलाल कोठारी, सुभाष वोरा, हुक्मीचंद शाह, और राकेश पंचोरी को शामिल किया गया है। महिला मंच चुनाव मे संरक्षिका दीपिका सेठ, तिलक गंगावत, सुधा मोरिया, जिनशरणम ट्रस्टी संरक्षक चंद्रकांता मांगीलाल कोठरी, अंजना सुरेश संघवी, सौमेश्वरी अशोक वोरा, वागड मोनिका हुकमीचंद शाह, सरोज सुभाष वोरा, सरोज राकेश पंचोली, पूर्व पदाधिकारियों में अध्यक्ष हेमंत सेठ, संयोजक संजय शाह कालू, कार्याध्यक्ष प्रध्युमन वोरा, उपाध्यक्ष भूपेंद्र जैन वकील, महामंत्री शैलेन्द्र कोठारी, मंत्री पियूष शाह, कोषाध्यक्ष दीपक दोसी, सा. मंत्री अशोक कोठिया और प्रवक्ता महेन्द्र कवालिया को शामिल किया गया है। महिला मंच में अध्यक्ष सीमा शाह, संयोजिका सीमा खोडनिया, कार्याध्यक्ष रेणुका कराड़िया, उपाध्यक्ष रीना शाह, महामंत्री नीलम सारगिया, मंत्री राजमती वोरा, कोषाध्यक्ष रचना जैन, सा. मंत्री सीमा कोटड़िया, और प्रवक्ता सरिता कोठिया को शामिल किया गया है। पुलक सागर महाराज ने कहा पुलक मंच परिवार के सदस्यों को समाज में सेवा कार्य करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। सेवा कार्य करने से हम न केवल दूसरों की मदद करते हैं, बल्कि अपने जीवन को भी सार्थक बनाते हैं। अध्यक्ष हेमंत सेठ ने बताया कि पुलक मंच महावीर जयंती का भव्य कार्यक्रम गरीबों की सेवा करना स्कूल में बच्चों को स्टेशनरी, ड्रेस, बैग आदि उपलब्ध करवाना मंच समाज में एकजुट होकर कार्य करना एवं सभी की मदद करना एक दूसरे का सहयोग करना समाज में ऐसे ही कार्य करते हुए आ रहे हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 28 को

**राजसमन्द**, ०(निसं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष के निर्देशानुसार 28 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रकरणों के अधिकाधिक निस्तारण के लिए सोमवार को मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायाधीश अश्विनी कुमार यादव के साथ जिला प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने बैठक का आयोजन किया। बैठक में आगामी लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के अधिकाधिक प्रकरणों के निस्तारण के लिए विचार-विमर्श किया गया। पक्षकार अपने प्रकरणों को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण करवाना चाहते है तो संबंधित न्यायालय, अधिकरण में या प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 8306002135 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### बाड़े में आया 5 फीट लम्बा कोबरा सांप

**राजसमन्द**,०(निसं)। पीपरडा गांव में शंभूलाल टांक के बाडे में अचानक 5 फीट लम्बे कोबरा सांप आ जाने से हडकंप मच गया। इस पर पूरा मोहल्ला एकत्रित हो गया। ग्रामीण दिनेश टांक ने इसकी सूचना पीपरडा वन्यजीव प्रेमी नवीन गहलोत को दी। सूचना पर गहलोत अपनी टीम यशवंत अनिल राजेश के साथ मौके पर पहुंचे। कोबरा सांप का सुरक्षित रेस्क्यू कर प्लास्टिक के डिब्बे मे बंद कर पुनः जंगल में छोडा। इस दौरान जगदीश टांक, बाबूलाल टांक, शंभूलाल, चंद्रकांत सालवी आदि मौजूद रहे।

# बैठक में 6 करोड़ सात लाख रुपये के विकास कार्यों का अनुमोदन

**भीम**, (निसं)।भीम पंचायत समिति की साधारण सभा सोमवार को पंचायत समिति सभागार में प्रधान बिरम सिंह की अध्यक्षता में 7 महीने बाद आयोजित की गई, । जिसकी शुरुआत 2 घंटे देरी से हुई। साधारण सभा में सहायक विकास अधिकारी सोहनलाल सालवी अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी नाथू लाल सालवी ने गत 16 जनवरी 2024 की बैठक कार्यवाही का अनुमोदन प्रस्तुत किया। साधारण सभा में विधायक हरिसिंह रावत मुख्य अतिथि थे ।साधारण सभा में वित्तीय वर्ष

- जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि विकास अधिकारी और अकाउंटेंट कार्यालय में नहीं मिलते

2024 -25 के लिए मगरा विकास योजना के अंतर्गत 6 करोड 7 लाख रुपये के विकास कार्यों का अनुमोदन किया गया।

हालांकि, जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि विकास अधिकारी और अकाउंटेंट कार्यालय में नहीं मिलते हैं, जिससे काम प्रभावित होता है। जिस पर विधायक हरि सिंह रावत ने कहा कि आरोप गंभीर है और इसकी जांच होनी चाहिए। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के लिए विकास अधिकारी लालाराम को निर्देशित किया ।इस सभा में विकास कार्यों के लिए बड़े फैसले लिए गए, । विधायक हरि सिंह रावत ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के आरोपों को भी गंभीरता से लिया जाना चाहिए। और स्वीकृत विकास कार्य को नियमित समय में पूर्ण करने को लेकर विकास अधिकारी को निर्देश दिए। बैठक में कुकड़ा सरपंच भैरू सिंह ने मुद्दा उठाया की कूकड़ा ठाम पंचायत के राजस्व ठाम बारलाचौडा में बिसलपुर योजना के तहत् जो योजना चल रही है वो जनता जल योजना में ठाम पंचायत देखरेख और संचालक में असमर्थ हैं। इस योजना को पीएचडी विभाग या बीसलपुर जल परियोजना को सौंपा जाए। भैरू सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 58 से कोड़ा रोड जालपा राजस्व ठाम जलपा रोड काफी क्षितठास्त है दुरुस्त करने की मांग की है। बैठक में कालादेह सरपंच बलवीर सिंह ने मुद्दा उठाया कि हॉस्पीटल में चिकित्सा उपकरण सही सलामत थे उसके बावजूद भी एक निविदा निकालकर 9.50 लाख रू. का सामठाी सिर्फ 45 हजार रू. भंगार के भाव बेच दी जिसकी जांच होनी चाहिए। पीपलीनगर सरपंच सुरेष भाट ने कहा कि पाईप लाईन खराब होने के कारण पानी नही आ रहा है एक वर्ष जलदाय विभाग की घोर लापरवाही से जनता परेषान हो रही है। जिस पर विधायक हरिसिह रावत ने सख्त निर्देषित दिये की कोई भी अधिकारी लापरवाही नही बरतें। जनता के काम करों जनता की समस्या का समाधान को पहली प्राथमिकता देवें। जलग्रहण में एनिकट बने जिसके चलते कार्य सही नही पाया गया सारोठ ठाम पंचायत में 11 नाडियों में से 7 नाडिया टूट चुकी है। कुकडा सरपंच भैरूसिंह ने साधारण सभा में आडा हाथ लेते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी धन्नालाल को बिसलपुर योजना के तहत राजस्व ठाम बारला चौडा को पानी की सप्लाई सुचारू नही हो पा रही है।



भीम पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई।

### समीक्षा बैठक आयोजित

**डूंगरपुर**, (निसं)। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह जिले में ब्लॉक वाले गठित आरकेएस एवं आरबीएस टीमों के माध्यम से विद्यालयों में अभियान चलाते हुए बच्चों की आंखों का चेकअप करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश जिला बाल संरक्षण इकाई डूंगरपुर की समीक्षा बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को दिए।

उन्होंने कहा कि इन टीमों के माध्यम से विद्यालय में पढने वाले बच्चों की आंखों की जांच की जाएं। इसमें जिन बच्चों को आंखों में विजन अथवा अन्य किसी प्रकार की समस्या होने पर उनकी सूची तैयार की जाएं, जिससे कि उनका समुचित उपचार करवाया जा सके। इसके लिए उन्होंने बैठक में मौजूद अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्य योजना बनाकर क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

बैठक में मिशन वात्सल्य योजना, जिले में बाल कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत से सिविल संस्थाओं द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी, कोमल शॉर्ट मूवी का प्रचार, बाल नशा मुक्ति अभियान, राजकीय एवं गैर राजकीय बल देखरेख संस्थानों में बच्चों के नियमित चिकित्सा परीक्षण, बाल श्रम एवं बाल विवाह पर स्थानीय भाषा में डॉक्यूमेंट्री तैयार करने, बाल श्रम एवं पैन इंडिया के तहत की गई कार्रवाई एवं प्रयास, लहंगे कपडा तो उसे बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत दर्ज प्रकरणों की स्थिति आदि अन्य बिंदुओं पर जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

# बस पर शराब की बोतलें फेंकने वाले दो गिरफ्तार



दोवड़ा थाना पुलिस द्वारा निजी बस पर शराब की बोतले फेंकने के मामले में दो आरोपियों को बार्पदा गिरफ्तार किया।

**डूंगरपुर**, (निसं)। जिले में आये दिन राहगिरों एवं वाहनों पर पथराव कर लूटपाट की घटनाओ से अंजाम देने के खिलाफ पुलिस की सख्ती के बाद अब कई पत्थरबाज तथा असामाजिक तत्व पुलिस की गिरफ्त में आ रहे है।

इसी के तहत रविवार देर शाम को दोवडा थानान्तर्गत पगारा के निकट साबला से अहमदाबाद जा रही कृष्ण जनता ट्रॉवेल्स की बस पर बाईक सवारों ने शराब की बोतले फैंकी थी,जिसके चलते चालक सहित एक अन्य व्यक्ति को चोंट आई थी, इधर घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल दोवडा पुलिस भी मौके पर पहुंची थी,

इधर जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन ने भी घटनाक्रम को गंभीरता से लेते हुए पुलिस को अपने साईबर तंत्रों के जरिये आरोपियों की तलाश करने के निर्देश दे दिये थे। और इसी के चलते पुलिस ने इस मामले में कालूराम पुत्र गंगराम बरण्डा निवासी बिलडी ने प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। पुलिस ने आईपीसी की विभिन्न धाराओ में प्रकरण दर्ज करते हुए दो टीमों का गठन किया। इधर मुखबीरों के जरिये सूचना मिलने पर वारदात के दोनो आरोपियों को देवसोमनाथ नदी के पास धरदबोचा। और दोनो को बार्पदा लाकर घटना में प्रयुक्त स्पोर्टबाईक को भी जब्त किया।

पुलिस ने इस मामले में प्रदीप पुत्र बाबूलाल परमार निवासी पारडा चौबीसा तथा हरिश पुत्र लीलाराम परमार निवासी डाबेला फला मालवा को गिरफ्तार कर लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। ताकि अन्य घटनाओ में भी इनका हाथ होने पर सख्त कार्यवाही की जा सके।